देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 236 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
एक देश एक चुनाव को मंजूरी



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 10.0°

82924.41

2 हिंदुओं के बाद ईसाई आए निशाने पर
7 कोहली को कोंस्टास से भिड़ने की मिली सजा

# संवैधानिक संस्थाओं को केंद्र से खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेलगावी। कांग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा, महात्मा गांधी की विचारधारा को खत्म करना चाहती है। वहीं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा महात्मा गांधी की विचारधारा के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने आरएसएस पर भी तीखे हमले भी किए। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश का माहौल बिगाड़ रही है। दरअसल, 26 और 27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में सोनिया गांधी उपस्थित नहीं हो सकी। उनका संदेश बैठक के दौरान पढ़ा गया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश भर में विभिन्न स्थानों पर गांधीवादी संस्थानों पर हमले हो रहे हैं। यह उचित है कि इस बैठक को नव सत्याग्रह बैठक कहा जाए। महात्मा गांधी की विचारधारा को उन लोगों से खतरा है, जो केंद्र की सत्ता में बैठे हैं। जिन संस्थानों ने कभी आजादी के लिए नहीं लड़ा, आज वो संस्था महात्मा गांधी की विचारधारा को समाप्त करना चाहते हैं। सोनिया ने अपने पत्र में कहा, ''ठीक 100 साल पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 39वां अधिवेशन इसी स्थान पर हुआ था। इसलिए, यह उचित ही है कि आप महात्मा गांधी नगर में एकत्र हुए हैं। उस समय महात्मा गांधी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना हमारी पार्टी और स्वतंत्रता आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। यह हमारे देश के इतिहास में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर था।''

सोनिया ने आरोप लगाया कि बापू की विरासत को नई दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों और उन्हें पोषित करने वाली विचारधाराओं एवं संगठनों से खतरा है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, ''इन संगठनों ने कभी भी हमारी आजादी के लिए लड़ाई नहीं लड़ी। उन्होंने महात्मा गांधी का कटु विरोध किया। उन्होंने एक विषाक्त माहौल बनाया, जिसके कारण उनकी हत्या हुई। वे बापू के हत्यारे का महिमामंडन करते हैं।''

उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में विभिन्न स्थानों पर गांधीवादी संस्थानों पर हमले हो रहे हैं। सोनिया ने कहा, ''इसलिए यह भी उचित है कि इस बैठक को 'नव सत्याग्रह बैठक' कहा जाए।

## सीडब्ल्यूसी की बैठक में सोनिया गांधी बीजेपी–आरएसएस पर बरसीं

### कई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए लें संकल्प

सोनिया गांधी ने कहा मुझे विश्वास है कि हमारे संगठन को सामने आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए और मजबूत करने का मुद्दा भी उठेगा।'' सोनिया ने आह्वान किया, ''आइए इस बैठक से व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हम अपनी पार्टी के सामने आने वाली कई चुनौतियों का मुकाबला करने के संकल्प को एक ताजा भावना के साथ आगे बढ़ाएं।'



### चुनावी प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास कम हो रहाः खरगे

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने बी आर अंबेडकर को लेकर गलत टिप्पणी की थी, लेकिन पीएम मोदी उनकी गलती को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। खरगे ने कहा कि देश की विभिन्न संस्थाओं को सरकार नियंत्रित करना चाहती है। चिंता की बात यह है कि चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे–धीरे कम हो रहा है क्योंकि आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। कभी–कभी मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए जाते हैं, कभी उन्हें वोट डालने से रोका जाता है, कभी सूची में मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है, कभी मतदान के अंतिम क्षण में वोट प्रतिशत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाता है।

### युवाओं को पार्टी से जोड़ने की जरूरत

खरगे ने कहा, हम बेलगावी से एक नया संदेश और नया संकल्प लेकर लौटेंगे। इसीलिए हमने इस बैठक का नाम नव सत्याग्रहश रखा है क्योंकि आज संवैधानिक पद पर बैठे लोग भी महात्मा गांधी के सत्याग्रह पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन्होंने संविधान की शपथ ली है, वे झूठ फैला रहे हैं। सत्ता में बैठे लोग झूठ का सहारा लेते हैं और हम पर आरोप लगाते हैं। हमें ऐसे लोगों को बेनकाब करना होगा और हराना होगा।

उन्होंने पार्टी में युवाओं को जोड़ने की बात करते हुए कहा कि हमें ऐसे लोगों को ढूंढना होगा जो वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हों। जो संविधान की रक्षा के लिए लड़ने के लिए तैयार हों। उन्हें संगठनात्मक कार्यों में शामिल होना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पैसे बांटने के मामले में ईडी कार्यालय पहुंचे संजय सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही मुद्दों के लेकर सियासत तेज हो गई है। नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा नेता के द्वारा पैसे बांटने के मामले में आप नेता प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचे हैं। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और अन्य नेता ईडी के कार्यालय पहुंचे हैं। जहां वह वोटरों को कैश देने के मामले में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं।

### जूते–चप्पल नहीं पहनूंगा, खुद को मारूंगा 6 कोडे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने अन्ना विश्वविद्यालय दुष्कर्म मामले में स्टालिन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने एलान किया है कि जब तक वह राज्य के सीएम एमके स्टालिन और उनकी डीएमके पार्टी को सत्ता से बाहर नहीं कर देते, तब तक वह जूते–चप्पल नहीं पहनेंगे।

# भारत को टुकड़ों में बांट रही कांग्रेसः बीजेपी

## सीडब्ल्यूसी अधिवेशन में लगे भारतीय नक्शे पर मचा बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई है। 26 और 27 दिसंबर को बैठक आयोजित की गई है। बैठक से पहले पार्टी की ओर से नेताओं के स्वागत में पोस्टर लगाए गए। हालांकि, कांग्रेस की ओर से लगाए गए पोस्टर पर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप लगाया गया है कि जो पोस्टर लगाए गए हैं, उनमें भारत का नक्शा विकृत रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस मैप में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चीन का क्षेत्र गायब है।

भाजपा नेताओं ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से कांग्रेस के उन ताकतों के साथ गठबंधन को दर्शाता है जो भारत को टुकड़ों में बांट रहे हैं। यह नक्शा (बैनर पर) स्पष्ट रूप से इसे दर्शाता है। कांग्रेस ने पहले भी कई बार भारत के नक्शे को विकृत किया है।

तेलंगाना भाजपा ने इस विकृत पोस्टर की तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर पोस्ट करते हुए तेलंगाना भाजपा ने लिखा, कांग्रेस की कमीशन विद कलेक्शन मीटिंग के लिए लगाए गए आधिकारिक पोस्टरों में भारत का विकृत नक्शा दिखाया गया है, जिसमें कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया गया है। देश की जनता कांग्रेस को इस देशद्रोह के लिए सबक सिखाएगी। कर्नाटक के स्थानीय भाजपा के निगम पार्षद श्रेया नाकडी ने इस घटना पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा, भारत का मुकुट गायब है। वहीं, अमित मालवीय ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस अब नई मुस्लिम लीग बन गई है।

### कांग्रेस ने किया पलटवार

बीजेपी के आरोपों पर यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रमुख श्रीनिवास बीवी ने कहा है कि यह विवाद भाजपा और आरएसएस द्वारा बनाया गया है। उन्हें महात्मा गांधी के अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के 100 साल पूरे होने के इस जश्न से समस्या है। आज से ठीक 100 साल पहले यानी सन 1924 में कर्नाटक के ऐतिहासिक गौरव वाले जिले बेलगाम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 39 वां अधिवेशन हुआ। यह अधिवेशन देश की आजादी में मील का पत्थर बना।

# समय कितना भी विपरीत हो, राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजधानी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में श्वीर बाल दिवसश पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वीर बाल दिवस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बहादुरी दिखाने वाले 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी भी मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों से संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि यह युग मशीनों से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग की ओर बढ़ गया है। ये पहला मौका है जब गणतंत्र दिवस की बजाय वीर बाल दिवस पर देश के बहादुर बच्चों को सम्मानित किया गया है।

गुरुवार को पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव और चुनौतियों के अनुकूल होने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की युवा–केंद्रित नीतियों पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि देश के युवाओं को पुरानी विरासत से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, 300 साल से भी पहले, साहिबजादों ने अपनी कम उम्र के बावजूद अद्वितीय बहादुरी का परिचय दिया और अपने प्राणों की आहुति दे दी।

### सम्मान

■वीर बाल दिवस पर देश के बहादुर बच्चों को किया गया सम्मानित

#### 17 बच्चों को मिला राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरूवा को राष्ट्रपति भवन में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। बच्चों को सात श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए, यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। बाल विजेताओं में किसी ने अपनी कला और संस्कृति के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया तो किसी ने अपनी बहादुरी से कई जिंदगियों को बचाया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
**Gadoli Media Ventures**
Contact:
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# रूस के हमले से क्रैश हुआ अजरबैजान का विमान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■विमान में दिखे मिसाइल के छर्रे जैसे निशान, उठे सवाल

अस्ताना। अजरबैजान एयरलाइंस के विमान के भयानक हादसे के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट्स में संभावना जताई जा रही है कि विमान हादसा रूस के ड्रोन अटैक के कारण हो सकता है। गौरतलब है कि 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन बाकू से रूस जा रहा अजरबैजान एयरलाइंस का विमान कजाखस्तान के अक्ताउ के पास क्रैश हो गया था।

विमान की अकताऊ से तीन किलोमीटर दूर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, तभी यह लैंडिंग के वक्त जमीन से टकरा गया और उसमें आग लग गई। क्लैश रिपोर्ट द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में विमान के धड़ में कई बड़े छेद दिखाई दिए, जिनमें से कुछ छोटे थे और अन्य कई इंच चौड़े थे। इन कयासों को और भी बल इसलिए मिल रहा है, क्योंकि यह दुर्घटना दक्षिणी रूस में ड्रोन हमलों के तुरंत बाद घटी। ड्रोन हमलों के चलते पहले ही इस क्षेत्र में हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया था। हादसा उसी वक्त हुआ, जब रूसी वायु रक्षा यूक्रेनी ड्रोन हमले का जवाब दे रही थी।

## न्यूज डायरी



### बुशरा बीबी को कोर्ट ने विरोध प्रदर्शन मामले में 13 जनवरी तक दी अंतरिम जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान की एक अदालत से अंतरिम जमानत मिल गई है। बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय ने 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामलों में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के संस्थापक खान की पत्नी बुशरा बीबी को 13 जनवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। ड्यूटी जज शबीर भट्टी ने उनकी अंतरिम जमानत याचिकाओं की सुनवाई की। बुशरा बीबी तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज चार मामलों और रमना पुलिस स्टेशन में दर्ज तीन मामलों में अंतरिम जमानत मांगने के लिए अपनी कानूनी टीम के साथ अदालत में पेश हुईं। उनके वकील ने जानकारी देते हुए कहा, अदालत ने प्रत्येक मामले के लिए 50,000 रुपये के जमानत बांड जमा करने पर उनकी जमानत मंजूर कर ली गई है। इससे पहले 21 दिसंबर को रावलपिंडी में आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) ने उसे 32 मामलों में 13 जनवरी तक अंतरिम जमानत दी थी। रिपोर्ट के अनुसार, बुशरा बीबी अपने वकीलों के साथ एटीसी के सामने पेश हुईं और कुल 32 मामलों में जमानत मांगी, जिनमें से 23 मामले 9 मई की हिंसा से जुड़े थे। उन्हें अब रावलपिंडी, अटक और चकवाल में दर्ज मामलों में अंतरिम जमानत मिल गई है।

### साइबर अटैक से सहमा जापान! फ्लाइट्स की देरी से यात्रियों की बढ़ी मुसीबत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। गुरुवार की सुबह–सुबह जापान में साइबर अटैक हुआ। यह साइबर हमला जापान की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी जापान एयरलाइंस के सर्वर पर हुआ। इसके बाद जापान एयरलाइंस ने टिकटों की बिक्री रोक दी है। जापान एयरलाइंस ने गुरुवार को कहा कि साइबर अटैक की वजह से कुछ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। कंपनी ने यह भी कहा कि उसने सिस्टम में खराबी पैदा करने वाले राउटर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इसके अलावा गुरुवार को डिपार्ट होने वाले विमानों के लिए टिकटों की बिक्री भी रोक दी गई है। यह साइबर हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 7:24 बजे हुआ। इससे कंपनी के आंतरिक और बाहरी सिस्टम दोनों प्रभावित हुए हैं। हमने स्थिति की गंभीरता को समझ लिया है और सिस्टम को रिकवर करने का प्रयास कर रहे हैं। जापान की एक और बड़ी एयरलाइन कंपनी एएनए होल्डिंग्स ने कहा कि उनके सिस्टम पर साइबर अटैक का कोई संकेत नहीं दिखा और हमारी सेवाएं सुचारू रूप से काम कर रही हैं। एएनए होल्डिंग्स को जापान एयरलाइंस का प्रतिद्वंदी माना जाता है। ऐसा नहीं है कि एयरलाइन कंपनियों पर साइबर अटैक का ये कोई पहला मामला है। इसके पहले 2022 में रैनसमवेयर ऑपरेटर ग्रुप डाइक्सिन टीम ने एयर एशिया के 50 लाख यात्रियों का डाटा चुराने का दावा किया था।

### यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भड़का अमेरिका, रक्षा विभाग को दिया निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। क्रिसमस की सुबह यूक्रेन पर हुए रूसी हमले पर अमेरिका भड़क गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है। बाइडेन ने यह भी कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग यूक्रेन को दी जाने वाली हथियारों की सप्लाई को और बढ़ाएगा। बाइडेन ने कहा, क्रिसमस के शुरुआती कुछ घंटों में रूस ने यूक्रेन के शहरों और ऊर्जा संयंत्रों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। यह हमला इसलिए किया गया, जिससे सर्दियों के दौरान यूक्रेन को गर्मी और बिजली की समस्या से जूझना पड़े। यूक्रेन के ग्रिड की सुरक्षा को खतरे में डाला गया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यूक्रेन के लोगों को भी शांति और सुरक्षा में जीने का अधिकार है। बाइडेन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यूक्रेन के साथ खड़ा होने की अपील है। अपने बयान में बाइडेन ने यूक्रेन को होने वाली हथियारों की सप्लाई पर जोर दिया। पिछले कुछ महीनों में अमेरिका ने यूक्रेन को सैकड़ों एयर डिफेंस मिसाइलें दी हैं और कई अभी दी जानी हैं। मैंने रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि यूक्रेन को होने वाली हथियारों की सप्लाई जारी रखें।

# अराकान आर्मी और बांग्लादेशी सेना में रोहिंग्या पर हो रही दोस्ती

**रिपोर्ट**

## म्यांमार बॉर्डर पर दिख सकता है बड़ा बदलाव, भारत अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नेपीडा। म्यांमार के रखाइन राज्य में विद्रोही अराकान आर्मी और जुंटा सेना के बीच चल रहे संघर्ष ने बीते कुछ दिनों में अहम मोड़ लिया है। अराकान आर्मी ने रखाइन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। इनमें वो इलाके भी शामिल हैं, जो बांग्लादेश के बॉर्डर पर हैं। ऐसे में अब बांग्लादेश बॉर्डर पर एए का नियंत्रण है। दूसरी ओर इस संघर्ष ने बड़े पैमाने पर रोहिंग्या मुस्लिमों और दूसरे अल्पसंख्यकों को रखाइन छोड़कर बांग्लादेश में शरण लेने को मजबूर किया है। इससे सीमा पर एक मानवीय संकट है और तनाव भी पैदा हुआ है।

म्यांमार सीमा पर खड़े हुए इस संकट के बीच एए ने बांग्लादेश सेना से संपर्क किया है। एए संकट के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइनों को सुरक्षित करने और मानवीय प्रयासों को सुविधाजनक बनाने में बांग्लादेश का समर्थन चाहता है। बांग्लादेश भी म्यांमार से आ रहे रोहिंग्या मुस्लिमों के मुद्दे पर एए से बात करना चाहता है। वहीं क्षेत्र की एक बड़ी ताकत भारत भी इन अहम बदलावों पर नजर गड़ाए हुए हैं।




रिपब्लिक की रिपोर्ट कहती है कि बांग्लादेश सेना का रामू स्थित 10वां इन्फेंट्री डिवीजन बॉर्डर पर चिंताओं को दूर करने के लिए एए के साथ फील्ड–लेवल संचार में लगा हुआ है। इस चर्चा का मुख्य विषय रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र की स्थापना करना है। बांग्लादेश चाहता है कि म्यांमार से आए करीब 20 लाख रोहिंग्या सुरक्षित वापस लौट जाएं।

बांग्लादेश ने हिंसा से भागे या रखाइन में ही कैंपों में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमा पर एक सुरक्षित क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव दिया है। यह क्षेत्र आगे विस्थापन को रोकने के लिए एक बफर के रूप में काम करेगा। साथ ही मानवीय एजेंसियों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देगा। ढाका सुरक्षित क्षेत्र के आश्वासन के बदले में अराकान सेना के अधिकार को मान्यता देने की संभावना तलाश रहा है। बांग्लादेश के सुरक्षा तंत्र ने अराकान सेना के साथ अपनी बातचीत में रणनीतिक रुख बनाए रखा है।

भारत की नजर भी म्यांमार और बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम पर है। भारत की ओर से हाल ही में कहा गया है कि हम म्यांमार में घटनाक्रम पर बहुत करीब से नजर रख रहे हैं। हर नई उभरती स्थिति पर हमारी निगाह है। दरअसल पूर्वोत्तर भारत में मिजोरम, मणिपुर और नागालैंड से म्यांमार की सीमा लगती है। ऐसे में म्यांमार का घटनाक्रम भारत के लिए भी शरणार्थियों की आमद और सुरक्षा के लिहाज से अहम है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के बाद अब ईसाई आए निशाने पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना को बेदखल होने के बाद से लगातार अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार जारी है। पहले हिंदुओं के खिलाफ हिंसा देखी गई थी। अब बांग्लादेश में ईसाई समुदाय के लोगों पर हिंसा देखी गई है। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बंदरबन के लामा उपजिला के सराय यूनियन में ईसाई त्रिपुरा समुदाय के कम से कम 17 घरों में कथित तौर पर आग लगा दी गई।

आगजनी की घटना में प्रार्थना और क्रिसमस मनाने के लिए पास के गांव गए निवासी बेघर और तबाह हो गए। पीड़ितों के मुताबिक बदमाशों ने नए टोंगझिरी त्रिपुरा पारा को निशाना बनाया, जहां समुदाय ने कई साल पहले विस्थापित होने के बाद अपने घरों का पुनर्निर्माण किया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के 19 में से 17 घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

टोंगझिरी लंबे समय से त्रिपुरा समुदाय का घर रहा है, लेकिन निवासियों ने आरोप लगाया कि उन्हें कई साल पहले जबरन बेदखल कर दिया गया था और दावा किया कि जिस जमीन पर वह रह रहे थे, वह अवामी लीग शासन के दौरान एक हाई रैंकिंग पुलिस अधिकारी की पत्नी को पट्टे पर दे दी गई थी।



### इजरायल ने एरो-3 मिसाइल पर लगाया बड़ा दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल ने अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने अत्याधुनिक एरो 3 इंटरसेप्टर मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के साथ बड़े सौदे की घोषणा की है। यह डील अरबों शेकेल (इजरायली करेंसी) की है। हालांकि इस सौदे की सटीक राशि का खुलासा नहीं किया गया है। इजरायल ने पिछले 14 महीनों से हूती और ईरान के मिसाइल हमलों को रोकने के लिए एरो–3 प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल के रक्षा मंत्री काट्ज ने एरो–3 प्रणाली को इजरायल की रक्षा क्षमता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे अच्छी हवाई रक्षा क्षमता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस समझौते के तहत आईएआई से आईडीएफ को बड़ी संख्या में एरो–3 इंटरसेप्टर सिस्टम मिलना है।

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद बढ़ा तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■हमले में कई लोगों की मौत और कई घायल

काबुल। अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में पाकिस्तानी हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने काबुल स्थित पाकिस्तानी दूतावास के प्रभारी को तलब किया। बता दें कि इस हमले में 46 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। एक्स पर एक पोस्ट में अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने लिखा, अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के विदेश मंत्रालय ने काबुल में पाकिस्तान के दूतावास के प्रभारी को तलब किया है और सैद्धांतिक डूरंड रेखा के पास पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में पाकिस्तानी सैन्य जेट द्वारा किए गए हवाई हमलों के संबंध में कड़ा विरोध पत्र दिया।

पोस्ट में कहा गया कि पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई है और पाकिस्तान के दूतावास को सूचित किया गया कि जब पाकिस्तान की नागरिक सरकार के प्रतिनिधि काबुल में अफगान अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे थे, तब अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन और पाकिस्तानी सेना द्वारा नागरिकों की शहादत को पाकिस्तान के कुछ हलकों द्वारा जानबूझकर किया गया प्रयास माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच विश्वास को कम करना और संबंधों में तनाव पैदा करना है। उन्होंने आगे लिखा, अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात, प्रमुख शक्तियों के खिलाफ देश की रक्षा करने के अपने लंबे इतिहास के साथ, क्षेत्रीय अखंडता के किसी भी उल्लंघन को दृढ़ता से खारिज करता है और अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हालांकि, तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने तर्क दिया कि हमले में वजीरिस्तानी शरणार्थी भी मारे गए और इस दावे को खारिज कर दिया कि केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाया गया था। इसके बाद से ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है और तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर को पड़ा दिल का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी और जैश ए मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर को हार्ट अटैक आया है। मसूद अजहर अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहा था। यहीं उसे दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उसे इलाज के लिए पाकिस्तान लाया गया है। एक विशेष एंबुलेंस से आतंकी मौलाना मसूद अजहर को खोस्त प्रांत के गोरबाज इलाके के रास्ते पाकिस्तान लाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल मसूद अजहर का कराची के आर्मी अस्पताल में भर्ती है और वहां उसका कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज चल रहा है। मसूद को कराची से रावलपिंडी या इस्लामाबाद के बड़े अस्पताल में ले जाने की भी चर्चा है। जैश–ए–मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर संयुक्त राष्ट्र में नामित आतंकवादी है और भारत में हुए कई आतंकी हमलों का मास्टर माइंड समझा जाता है।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# नियमों का उल्लंघन करने वालों का किया जाए चालान

बैठक

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक

संवाददाता



चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें गंगा नदी की सभी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई।

नमामि गंगे द्वारा कर्णप्रयाग में निर्मित तीन एसटीपी में से दो एसटीपी अभी तक जल संस्थान को हैंडओवर न किए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए 01 जनवरी तक दोनों एसटीपी हैंडओवर करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनपद में संचालित सभी एसटीपी का हर महीने निरीक्षण करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि एसटीपी में सीवेज ट्रीटमेंट के बाद बचे कीचड़ (स्लज) का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाए और वन विभाग, एनजीओ या किसी संस्था के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाए। हल्द्वापानी क्षेत्र में सीवर नेटवर्क व एसटीपी निर्माण हेतु जल संस्थान को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों में डोर–टू–डोर कूड़ा क्लेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन पर विशेष फोकस करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया जाए। सभी अधिशासी अधिकारी सुबह 7 बजे नगर क्षेत्र का भ्रमण कर डोर–टू–डोर कूड़ा क्लेक्शन की मॉनिटरिंग करें। सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के विरूद्व सख्त कार्रवाई की जाए। गंगा निकायों में सभी नालों की नियमित सफाई तथा नालों का पानी सीधे नदियों में न गिराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वायो मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किया जाए। गंगा ग्रामों में नदियों में अपशिष्ट जल ले जाने वाले नालों का पुनः सर्वेक्षण करते हुए अपशिष्ट जल रोकथाम हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। नदी किनारे सभी होटलों को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जाए।

सदस्य सचिव/प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में स्वीकृत 16 एसटीपी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें से 13 एसटीपी जल संस्थान को हैंडओवर किए गए है। इन एसटीपी में 28 नालों को जोड़ा गया है। इसमें बद्रीनाथ में 6, जोशीमठ में 05, गोपेश्वर में 07, नंदप्रयाग में 03 तथा कर्णप्रयाग में 07 गंदे नाले एसटीपी से जोडे गए है। नगर निकायों में सोर्स सेग्रीगेशन, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, नालों की नियमित सफाई तथा कूड़े से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने विभागों को समय समय पर तुलनात्मक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने उधम सिंह कंबोज की जयंती उन्हें पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर गुरूवार को महान क्रांतिकारी उधम सिंह कंबोज की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि उधम सिंह जी ने जलियांवाला बाग में जो जनरल डायर को मार कर बदला लिया उन पर देश गर्व करता है कि ऐसे महान क्रांतिकारी हमारे देश में हुए हैं। समिति के महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि शहीद उधम सिंह कांबोज को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी युवाओं को अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने कहा कि शहीद उधम सिंह कंबोज को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम अन्याय का साथ ना दें। अगर हम अन्याय का साथ देते हैं तो अपने आप से धोखा कर रहे हैं।

### अध्यक्ष पद के लिए अभी तक 22 और सदस्य के लिए बिके 48 आवेदन प्रपत्र

**संवाददाता** चमोली। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत निर्वाचन में अध्यक्ष एवं सभासद पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 27 दिसंबर से शुरू होगी। अध्यक्ष एवं सदस्य के नामांकन प्रपत्रों का विक्रय शुरू हो गया है। अभी तक नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 22 और सदस्य के लिए 48 आवेदन प्रपत्र विक्रय हुए है। नगर पालिका परिषद ज्योतिर्मठ में अध्यक्ष पद के 01 और सदस्य के लिए 06 प्रपत्र लिए गए। गौचर में अध्यक्ष के लिए 02 और सदस्य के लिए 08, कर्णप्रयाग में अध्यक्ष के लिए 03 और सदस्य के लिए 08 आवेदन लिए गए। नगर पालिका गोपेश्वर और नगर पंचायत गैरसैंण व नंदानगर में अभी तक किसी भी अभ्यर्थी ने आवेदन पत्र नहीं लिए है।

### भगवान शिव ने नहीं किया कभी भांग का नशाः डॉ. सर्वेश्वर

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा देहरादून के निरंजन फार्म में 22–28 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही श्री शिव कथा के पंचम् दिवस कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने महापार्थिवेश्वर हिमालय राज की शक्ति स्वरूपा पुत्री पार्वती जी का भगवान शिव के संग विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया, जो कि गूढ़ अध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। माता पार्वती जीवात्मा का प्रतीक हैं और भगवान शिव साक्षात् परब्रह्म परमेश्वर का। हम समस्त जीवों का उस परमात्मा के साथ मिलन किस प्रकार से संभव है? इसी के साथ कथा व्यास जी ने समाज में प्रचलित एक धारणा का भी खंडन करते हुए कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि भगवान शिव केविवाह में नंदी–भृंगी इत्यादि समस्त शिवगण अत्यंत प्रसन्न होकर भांगकी मस्ती में झूम उठे थे।

## निर्माणाधीन योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को जल जीवन मिशन स्वीकृत योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन योजनाओं का अधिकांश कार्य हो चुका है, उनको प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए। योजनाओं का थर्ड पार्टी सत्यापन कार्यों में तेजी लाई जाए। बीडीओ के स्तर से गांवों में किए जा रहे हर घर जल सर्वेक्षण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। इसमें जो भी शिकायत या समस्याएं आ रही है उनको तत्काल निस्तारण करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करें। वन भूमि में एक हेक्टेयर से कम की जिन योजनाओं में आपत्तियां लगी है, उनके निस्तारण के लिए डीएफओ से समन्वय बनाते हुए शीघ्र आपत्तियों का निस्तारण करें और योजनाओं पर काम शुरू करें। हर घर जल सर्टिफिकेशन और स्रोत की जियो टैगिंग में वांछित प्रगति लाई जाए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को जल जीवन मिशन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

जल जीवन मिशन के नोडल अधिकारी/जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण हेतु दूसरे चरण में जनपद में कुल 571 योजनाओं में से 414 पूर्ण कर ली गई है और 156 योजनाओं का कार्य चल रहा है।



## नो ड्यूज के चक्कर में नेताओं ने जमा कराये करीब सवा नौ लाख

**संवाददाता** हरिद्वार। नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस, भाजपा से मेयर और पार्षद पद के दावेदार पूरी तरह सक्रिय हो चुके हैं। पार्टी से टिकट मिलने से पहले ही पार्षद पद के कई दावेदार नगर निगम में एनओसी लेने के लिए आवेदन करने पहुंच रहे हैं। हाउस टैक्स का बकाया चुकाकर ही चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं को नगर निगम नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी कर रहा है। कर अधीक्षक लक्ष्मीकांत भटट ने बताया कि गुरुवार को नगर निगम के खाते में करीब सवा तीन लाख की धनराशि जमा हुई। जबकि तीन दिन में नगर निगम के खाते में जमा सवा नौ लाख से ऊपर की धनराशि जमा हो चुकी है।

# राजनीतिक दलों को निर्वाचन व्यय लेखन को निर्धारित रेट चार्ट दी गई जानकारी

संवाददाता

चमोली। नगर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2024 को लेकर गुरुवार को अपर जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, सहायक व्यय प्रेक्षक और गठित लेखा टीम के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें निर्वाचन व्यय लेखन हेतु प्रचलित बाजार दरों पर तैयार निर्धारित रेट चार्ट की दरों पर चर्चा करते हुए सबकी सहमति ली गई।

बैठक में मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी व्यय लेखा मामूर जहां ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि 10 वार्ड तक की नगर पालिका




अध्यक्ष के लिए व्यय सीमा अधिकतम 6 लाख तथा 10 वार्ड से अधिक की नगर पालिका में अध्यक्ष पद की व्यय सीमा 8 लाख निर्धारित है। नगर पालिका परिषद के वार्ड सदस्य के लिए व्यय सीमा 80 हजार निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए अधिकतम व्यय सीमा 3 लाख तथा सदस्य नगर पंचायत के लिए 50 हजार निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन में इससे अधिक व्यय करने वाले प्रत्याशियों को जीतने के बाद भी अयोग्य घोषित किया जाएगा।

मुख्य कोषाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को नामांकन की तिथि से निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक प्रत्येक दिन का व्यय विवरण तैयार करने के संबंध में भी जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय विवरण हेतु निर्धारित रजिस्टर, जो निर्वाचन अधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, प्रत्याशी नामांकन वापसी के निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त करना सुनिश्चित करेगा। निर्वाचन व्यय विवरण रजिस्टर को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिन के भीतर जिले के पंचस्थानी कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

## नगर निकायों से होर्डिंग्स हटाए

**संवाददाता** उत्तरकाशी। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले के सभी विभागों व कार्यालयों को नगर स्थानीय निकायों के सामान्य निर्वाचन हेतु लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश जारी किए हैं। आचार संहिता के अनुपालन हेतु के क्रम जिले के नगर निकायों के क्षेत्रांतर्गत राजनैतिक प्रचार से संबंधित विज्ञापनों की होर्डिंग्स आदि को हटाने की कार्रवाई भी संपन्न की गई। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने नगर निकायों के चुनाव के संबंध में एक आदेश जारी करते हुए अधिकारियों को चुनावों से संबंधित व्यवस्थाओं के चाक–चौबंद रखने को कहा। साथ ही सभी सूचनाओं को नियमित रूप से जिला कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# ज्यादा बोझ

**इस साल नीट विवाद के बाद सरकार ने जो समिति गठित की थी, उसकी सिफारिश है कि क्षमता बढ़ाने के बाद ही एजेंसी को बाकी परीक्षाओं का आयोजन करना चाहिए। नीट पेपर लीक को लेकर देश में जिस तरह का हंगामा हुआ था और कई राज्यों में विवाद खड़े हुए, उसे एनटीए का सबसे लो पाइंट कह सकते हैं।**

रहीस सिंह।।

नैशनल टेस्टिंग एजेंसी अब केवल कॉम्पिटिटिव एंट्रेंस एग्जाम कराएगी। माना जा रहा है कि एजेंसी का वर्कलोड कम होने से वह ज्यादा फोकस्ड होकर काम कर पाएगी। यह कदम एनटीए की साख को बचाने और इस साल हुए पेपर लीक कांड की वजह से इमेज पर लगे धब्बे को मिटाने के लिए जरूरी भी था।

इस साल नीट विवाद के बाद सरकार ने जो समिति गठित की थी, उसकी सिफारिश है कि क्षमता बढ़ाने के बाद ही एजेंसी को बाकी परीक्षाओं का आयोजन करना चाहिए। इस संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षाओं में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और एक समान प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। यह विचार अपने आप में ठीक है कि किसी प्रतियोगी परीक्षा में देशभर के स्टूडेंट्स को एक जैसा मौका मिलना चाहिए। हालांकि इस पर अमल में बहुत सारी गड़बड़ियां पाई गईं।



नीट पेपर लीक को लेकर देश में जिस तरह का हंगामा हुआ था और कई राज्यों में विवाद खड़े हुए, उसे एनटीए का सबसे लो पॉइंट कह सकते हैं। इसने स्टूडेंट्स के विश्वास को हिलाकर रख दिया। यही वजह है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खासतौर पर नीट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे किस मोड में करवाना चाहिए, इस पर बातचीत चल रही है।

इसरो के पूर्व प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित समिति ने साफ–सुथरी परीक्षा के लिए कई और सुझाव दिए हैं। परीक्षा केंद्र चुनने के लिए डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग, पेपर लीक जैसी घटनाओं से बचने के लिए हाइब्रिड मॉडल जिसमें कंप्यूटर के साथ पेन–पेपर का भी इस्तेमाल हो और डिजी यात्रा की तर्ज पर डिजी एग्जाम जैसे उपाय नैशनल टेस्टिंग एजेंसी के काम को और बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 2024 में 29 परीक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें 85.78 लाख स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। हालांकि 2023 के मुकाबले यह आंकड़ा काफी कम है। तब एजेंसी ने 66 परीक्षाएं संभाली थीं और उनमें 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ये नंबर अपने आप में जाहिर कर देते हैं कि छात्र पर कितनी अहम जिम्मेदारी है। लाखों बच्चों का भविष्य सीधे उससे जुड़ा हुआ है। परिणाम तो बाद की बात है, पहले यह जरूरी है कि परीक्षा कराई कैसे जाती है। और इस नुक्ते पर आकर बच्चों की महीनों की मेहनत, भविष्य के सपने और उम्मीदें– सब कुछ छात्र। पर टिके होते हैं। इसमें दो राय नहीं कि ये सिफारिशें पहली नजर में उपयुक्त लग रही हैं, लेकिन इनकी असल परीक्षा व्यवहार में ही होनी है। देखना होगा कि इन सिफारिशों पर कितना सुसंगत अमल हो पाता है।

## तुलसी की मंजरी

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** तुलसी धन की देवी मां लक्ष्मी की अंश हैं। अतः तुलसी माता की पूजा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। इसके लिए शुक्रवार के दिन लक्ष्मी नारायण जी को तुलसी की मंजरी अवश्य ही अर्पित करें। वहीं, पूजा के बाद तुलसी की मंजरी को लाल वस्त्र में बांधकर तिजोरी में रख दें। इस उपाय को करने से आर्थिक विषमता दूर होती है। साथ ही पूजा के समय धनदा लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक समय की बात है राजा सत्यव्रत कृतमाला नदी में स्नान करने के लिए गए हुए थे। स्नान के बाद उन्होंने सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए हाथ में जल उठाया तो उनके हाथ में एक छोटी सी मछली आ गई।

....शेष कल

# संपादकीय

## चुनाव खर्च में कटौती

देश में बार–बार चुनाव कराने पर लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा और जनशक्ति समेत कई चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अनुमानित कुल खर्च करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये तक हुआ है, जोकि 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अधिक है। 2019 में 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। अगर राज्यवार विधानसभा व स्थानीय चुनाव का खर्च भी जोड़ा जाए तो अंदाजा लगाइए कि ये खर्च कितना होगा। ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर चुनाव खर्च में कम होगा। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने से नीति निर्माण और विकास कार्यों में रुकावट आती है। अगर पांच साल में सिर्फ एक बार आचार संहिता लागू होगी तो स्वाभाविक है कि प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। देश में हर छह माह चुनाव होने पर प्रशासनिक मशीनरी और सुरक्षाबलों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकता है। लुभावने वादे नहीं आएंगे काम। बार–बार चुनाव लोकलुभावन नीतियों को बढ़ावा देते हैं। एक साथ चुनाव लंबी अवधि की नीति योजना और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने में मददगार साबित होंगे।

मोदी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही वन नेशन वन इलेक्शन को लागू कराने की है।

# एक देश एक चुनाव को मंजूरी

दीप्ति मिश्रा।।

मोदी कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब देश की 543 लोकसभा सीट और सभी राज्यों की कुल 4130 विधानसभा सीटों पर एक साथ चुनाव कराने की राह खुल गई। एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट के बाद प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इससे एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन हर हाल में 2029 से पहले लागू होगा। इसके एक दिन बाद ही एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिलने के क्या मायने हैं?

78 वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्रचार से पीएम मोदी ने कहा–देश में हर छह माह में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसे में देश को आगे ले जाने के लिए वन नेशन, वन इलेक्शन को आगे लाना ही होगा। मोदी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही वन नेशन वन इलेक्शन को लागू कराने की है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

एक देश एक चुनाव यानी का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव हों। ऐसे समझिए, देश की सभी 543 लोकसभा सीटों और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 4130 विधानसभा सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे। वोटर सांसद और विधायक चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर अपना वोट डाल सकेंगे। देश में अभी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव अलग–अलग समय पर होते हैं। नहीं, यह कांसेप्ट भारत के लिए नया नहीं है। देश में आजादी के बाद 1952 से लेकर 1957, 1962 और 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे। 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं तय समय से पहले भंग कर दी गई थीं। 1970 में लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी। इसके चलते एक देश एक चुनाव की गाड़ी पटरी से उतर गई।



वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर 2 सितंबर, 2023 को एक कमिटी गठित की गई थी। इसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे थे। कमेटी के सदस्यों ने सात देशों की चुनाव व्यवस्था का अध्ययन किया। स्टेकहोल्डर्स–एक्सपर्ट्स से चर्चा और रिसर्च के बाद 191 दिन में 18 हजार 626 पन्नों की एक रिपोर्ट तैयार की गई। कमेटी ने यह रिपोर्ट 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई। रिपोर्ट में सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

कमेटी ने सुझाव दिए हैं कि सभी विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। पहले चरण में लोकसभा–विधानसभा चुनाव और फिर दूसरे चरण में 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आईडी कार्ड बनाए। देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग करने की भी सिफारिश की है।

## अष्टयोग-5051

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| | 33 | | 36 | | 27 | |
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | | 30 | 1 | 26 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 36 | 6 | 32 | | 34 | 3 |
| | 2 | | 4 | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5050 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### देश में कुल कितनी विधानसभा सीटें हैं?

**मोहन।** मौजूदा समय में देश के 28 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 4130 विधानसभा सीटें हैं। सबसे अधिक विधानसभा सीटें उत्तर प्रदेश में 403 हैं तो सबसे कम राज्य के हिसाब से सिक्किम और केंद्र शासित प्रदेश को जोड़कर देखें तो पुडुचेरी में 30 सीटें हैं। देश या राज्य में लोकसभा या विधानसभा सीटों की सीमा तय करने की क्रिया या प्रक्रिया को परिसीमन कहते हैं। इसका उद्देश्य जनसंख्या में हो रहे बदलाव के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या को संतुलित करना है ताकि प्रत्येक लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र में एक समान संख्या में मतदाता हों। इस प्रक्रिया को करने वाली संस्था को परिसीमन आयोग के रूप में जाना जाता है। सामान्य तौर पर हर जनगणना के बाद परिसीमन किया जाता है, जिससे जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का संतुलन बनाया जा सके। हालांकि, देश में 1976 से परिसीमन पर पाबंदी लागू थी। साल 2002 में परिसीमन आयोग का पुनर्गठन हुआ और 2008 में परिसीमन कराया गया। अगला परिसीमन 2026 में होने की संभावना है।






## अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 मेकर्स पीड़ित परिवार को देंगे 2 करोड़ रुपये

पुष्पा 2 स्टार अल्लू अर्जुन के फिल्म प्रोड्यूसर पिता अल्लू अरविंद ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने भगदड़ मामले के पीड़ित 8 साल के बच्चे को 2 करोड़ रुपये देने की बात कही है। इससे पहले फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार और उनकी पत्नी ने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये और मेकर्स की तरफ से 50 लाख रुपये दिए गए थे। एक्टर से लेकर फिल्म की टीम कई बार पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद कर चुकी है। चार दिसंबर को संध्या थिएटर में मची भगदड़ में 8 साल का श्रीतेज बुरी तरह घायल हो गया था और उसका अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, उसकी मां रेवती की मौत हो गई थी। इस मामले में अल्लू अर्जुन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया था। हालांकि, कुछ ही घंटों में रिहाई भी मिल गई थी। अल्लू अर्जुन तभी से पीड़ित परिवार के संपर्क में हैं और बच्चे की हर घंटे पर खबर ले रहे हैं। श्रीतेज अभी वेंटिलेटर पर है। इसी बीच एक्टर के पिता अल्लू अरविंद ने ऐलान किया कि वह पीड़ित परिवार की मदद करेंगे और उन्हें 2 करोड़ रुपये की मदद देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह हर स्थिति में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और हरसंभव मदद करेंगे। अल्लू अरविंद, दिल राजू और बाकी लोगों के साथ उस अस्पताल में पहुंचे थे, जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। उन्होंने डॉक्टरों से भी बात की, और यह जानकर राहत की सांस ली कि अब उसकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, श्री तेजा ठीक हो रहा है। अब वह वेंटिलेटर पर नहीं है।

## आम्रपाली दुबे ने सास को खूब मारे ताने, बहूरानी से हुई तगड़ी भिड़ंत

भोजपुरी सिनेमा में सास–बहू की जोड़ी पर आपने पहले भी बहुत से गाने सुने होंगे। लेकिन आम्रपाली दुबे के नए गाने जो इसमें गजब का तड़का लगाया है। इस नए गाने सास बिना घर में सास और बहुओं की टोली में सीधी भिड़ंत हुई है, दोनों एक–दूसरे को ताने मार रही हैं और अपनी अहमियत बता रही हैं। आम्रपाली दुबे का यह नया गाना फिल्म सास कमाल बहू धमाल से है। यूट्यूब पर फिलमची भोजपुरी चैनल ने इस वीडियो को रिलीज करते हुए लिखा है– आम्रपाली दुबे के सुनी एगो सुरिला गाने सास कमाल बहू धमाल! सास बिना घर गाना में लगाईं डूबकी घरेलू रिश्ता के ड्रामा अउर दिल के छू लेबे वाला गहराई के साथ। यह नया गाना जहां सुनने में बड़ा ही मजेदार है, वहीं इसका संगीत भी भोजपुरी संस्कृति की मिठास लिए हुए है। गाने में आम्रपाली दुबे और मणि भट्टाचार्य के साथ दीपिका सिंह और ज्योति मिश्रा भी नजर आ रही हैं।

## महाराज एक्टर विराफ पटेल ने अपनी बेटी का रखा बहुत ही यूनीक नाम



टीवी और फिल्मों के एक्टर विराफ पटेल और सलोनी पटेल सितंबर, 2024 में बेटी के माता–पिता बने थे। उन्होंने अब बताया है कि वह लंबे समय से बच्ची के लिए एक खास नाम तलाश रहे थे, जो अब मिल गया ह। उन्होंने बताया कि उन्होंने नन्हीं राजकुमारी का नाम वेरुजेह रखा है, जो वाकई अनोखा नाम है। अब इसका क्या मतलब है आइए बताते हैं। विराफ ने कहा, हमने अपनी खूबसूरत बच्ची का नाम वेरुजेह रखने का फैसला किया है। यह नाम एक फारसी शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब होता है विजयी। हम अपनी बेटी के लिए एक अच्छा नाम रखकर बहुत खुश हैं। वह तीन महीने की है और हम अब उसके साथ समय बिता रहे हैं। विराफ पलेट को फिल्म महाराज और कच्छ एक्सप्रेस में देखाय गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, मैं हमेशा से ही एक बेटी चाहता था। मैं बहुत खुश हूं। जब मैंने अपनी छोटी बच्ची को गोद में लिया, तो ऐसा लगा जैसे उसने मेरी आत्मा को छू लिया है। जब मेरी बेटी हुई तो मेरी उम्र उतनी थी, जितनी मेरे जन्म के वक्त मेरे पिता की थी। तो ऐसे में मुझे लगता है कि किसी तरह से मेरी बच्ची और मेरे दिवंगत पिता एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। सलोनी, जिन्हें आखिरी बार शो श्श्लबली रिकॉर्ड्स में देखा गया था, ने कहा, अब मेरा पूरा ध्यान बच्चे पर है। मैं बाकी सब कुछ भूल गई हूं और बस उसे गोद में लेकर उसे अपने बगल में सुलाने में खुश हूँ।

# जेंडया और टॉम हॉलेंड का चेहरा सेल फोन जैसा

*ऑस्कर अवॉर्ड विनिंग क्रिस्टोफर नोलन की नई फिल्म द ओडिसी की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। ओपेनहाइमर जैसी फिल्म प्रोड्यूस कर चुके क्रिस्टोफर नोलन अब द ओडिसी में बिजी हैं, जोकि प्राचीन ग्रीक कवि होमर के लिखे महाकाव्य पर आधारित है। यह फिल्म ओडीसियस की ट्रोजन युद्ध के बाद घर लौटने के खतरनाक और चुनौतियों भरे सफर की कहानी बयां करेगी।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**क्रिस्टोफर नोलन पर भड़के यूजर्स**

द ओडिसी के साथ जहां क्रिस्टोफर नोलन का नाम जुड़ने से फैंस बेहद एक्साइटेड हैं, वहीं वो स्टार कास्ट का नाम जानकर संकोच में हैं। उन्हें संदेह है कि वो दिए गए किरदारों के साथ न्याय कर पाएंगे या नहीं। दरअसल, जैम क्लेमल में जेंडया, टॉम हॉलेंड, मैट डेमन, रोबर्ट पेटिंसन, लुपिता न्योंगो, चार्लीज थेरॉन और ऐनी हैथवे जैसे स्टार्स हैं।

**यूजर्स को पसंद नहीं आई कास्ट**

क्रिस्टोफर नोलन ने खुद ही फिल्म का स्क्रीनप्ले लिखा है और वह इसे पत्नी के साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। पर यूजर्स फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर संदेह में हैं।

**टह्म और जेंडया का चेहरा सेल फोन जैसा**

एक यूजर ने एक्स पर लिखा है, टॉम हॉलैंड और जेंडया फिल्म का हिस्सा हैं, पर लग नहीं रहा कि वो किरदार निभा पाएंगे। भले ही वे ओडीसियस और पेनेलोप की भूमिका नहीं निभा रहे हों, मुझे नहीं लगता कि इनमें से कोई भी प्राचीन महाकाव्य के



किरदारों को निभा सकता है या उनके साथ न्याय कर सकता है। दोनों का चेहरा एकदम सेलफोन जैसा है। मुझे लगता है कि ऑस्कर इसाक ओडिसियस के किरदार से न्याय कर सकता है।

**ओडिसियस के लिए पॉल थर्मॉमस एंडरसन को बताया परफेक्ट**

यूजर्स का मानना है कि जैम क्लेमल में जो कलाकार हैं, उनकी कंटेम्परेरी ऑनस्क्रीन पर्सनैलिटी है। एक यूजर ने रेडिट पर लिखा है, मैं जेंडया का फैन नहीं हूं और नोलन मेरे लिए हिट भी हो सकते या मिस भी। मुझे लगता है कि जिस तरह क्रिस्टोफर नोलन अपनी कहानियों में टाइम को प्रमुखता से शामिल करते हैं, वह द इलियड की कहानी के लिए काम करेगा। इसके अलावा ओडिसियस में अजीब सा ह्यूमर है और इसलिए इस किरदार के लिए पॉल थॉमस एंडरसन जैसा कोई एक्टर फिट बैठता।

# अंजिल अरोड़ा की कातिलाना अदाओं ने इन तस्वीरों में ढाया कहर

*अंजलि अरोड़ा ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पर अंजलि की अदाओं से ज्यादा चर्चा उनके कैप्शन की है, जो उन्होंने तस्वीरें शेयर कर लिखा है। अंजलि के फैंस उनकी अदाओं को देख प्यार बरसा रहे हैं।*



कच्चा बादाम पर डांस कर वायरल सेंसेशन बनीं अंजलि अरोड़ा की आज जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं, जो उनके मुरीद हैं। अंजलि अपनी फैनडम के बीच इस कदर पॉपुलर हैं कि उनकी तस्वीरें और डांस वीडियोज मिनटों में ही वायरल हो जाती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें भी खूब वायरल हो रही हैं, जो अंजलि ने हाल ही शेयर की हैं।

**कैप्शन ने खींच लिया सबका ध्यान**

अंजलि अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह इंडो–वेस्टर्न लुक में नजर आ रही हैं और उनकी अदाएं एकदम कातिलाना हैं। इन तस्वीरों पर फैंस भी खूब प्यार उड़ेल रहे हैं। एक फैन का कमेंट है, गजब बवाल। एक और कमेंट है, प्रिटी गर्ल, कितनी क्यूट। वहीं कुछ फैंस ने अंजलि को कातिलाना अदाओं वाली बताया।

**अंजलि अरोड़ा की तस्वीरे और उन पर कैप्शन**

इन तस्वीरों को शेयर कर अंजलि ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने लिखा, श्सोच भले ही नई रखो, लेकिन संस्कार पुराने ही अच्छे हैं।

**अंजलि अरोड़ा बताया किस धर्म में करेंगी शादी**

अंजलि अरोड़ा हाल ही एल्विश यादव के पॉडकास्ट में नजर आईं, जिसमें उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में कई बातें बताईं। एल्विश ने अंजलि अरोड़ा से पूछा था कि अगर उन्हें किसी दूसरे धर्म में शादी करने का मौका मिले, तो वह किस धर्म के लड़के से शादी करना चाहेंगी? जवाब में अंजलि अरोड़ा ने कहा था कि वह हिंदू या फिर सिख धर्म में शादी करना चाहेंगी।

**रामायण में नजर आएंगी अंजलि अरोड़ा**

अंजलि अरोड़ा के करियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म रामायण में नजर आएंगी। उन्होंने खुद ही इसका खुलासा एल्विश यादव के पॉडकास्ट में किया।

# सुस्ती और कमजोरी महसूस होने लगे तो खाएं ये एनर्जी फूड्स

*जब हमारे शरीर में किसी पोषक तत्व की कमी होती है तो अचानक से ही हम बहुत थका हुआ और कमजोरी महसूस करते हैं। ऐसे में आप इन पांच सुपरफूड्स का सेवन करें तो आपको तुरंत एनर्जी मिलेगी और आप बेहतर महसूस करेंगे।*



**ओट्स**
ओट्स में कार्बोहाइड्रेट मौजूद होता है। यह हमारे शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, जो काफी लंबे समय तक बना रहता है। यह एक कंप्लीट और इंस्टेंट एनर्जी देने वाला फूड है। ओट्स में विटामिन बी, मिनरल्स और फाइबर मौजूद होते हैं। यह हमारे मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर को ताज रखता है। यह ब्लड शुगर के लेवल को स्थिर बनाए रखने में मदद करता है। ओट्स का सेवन करने से थकावट नहीं होती।

**बादामः** बादाम एक सुपर फूड है। यह हमारे शरीर को इंस्टेंट एनर्जी देने में हेल्प करता है। इसमें हेल्दी फैट, फाइबर और प्रोटीन मौजूद होता है। साथ ही इसमें मैग्नीशियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन ए पाया जाता है। यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। बादाम का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। साथ ही यह हमें लंबे समय तक एनर्जेटिक बनाए रखता है। बादाम का सेवन करने के लिए आप इसे भिगोकर रख दें और छिलके उतारकर खा लें। इसे आप रोस्ट करके ब्रेकफास्ट में भी खा सकते हैं।

**पालकः** पालक एक सुपर फूड है। यह हमारे शरीर को तुरंत ताकत और ऊर्जा देती है। इसमें आयरन, विटामिन सी, मैग्नीशियम और फाइबर मौजूद होता है। आयरन से हमारे शरीर में रेड ब्लड सेल्स का निर्माण होता है, जो हमारे शरीर के अंगों में ऑक्सीजन को पहुंचाने का काम करती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण बहुत जल्दी थकान और कमजोरी का एहसास होता है। पालक का सेवन करने से एनर्जी के स्तर को तुरंत बढ़ाया जा सकता है। पालक को सूप के रूप में पिया जा सकता है।

**केलाः** केला एक सुपर फूड है। यह तुरंत एनर्जी देता है। इसमें नेचुरल शुगर मौजूद होते हैं जैसे फ्रुक्टोज, सुक्रोज और ग्लूकोज. जिस कारण यह हमारे शरीर को तुरंत एनर्जी देने में सक्षम है। इसमें पोटेशियम मौजूद होता है, जो हमारी मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को बनाए रखने में हेल्प करता है। अगर आपको थकावट महसूस हो तो केला खाकर आप एनर्जेटिक महसूस कर सकते हैं। केला को खाना बहुत ही आसान है। ऐसे में आप इसे तुरंत भी खा सकते हैं या शेक बनाकर, सलाद या स्मूदी में मिलाकर भी खा सकते हैं।

**चिया सीड्सः** चिया सीड्स हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। चिया सीड्स हमारे शरीर के पानी को अब्जॉर्ब करने की क्षमता रखता है। इसे खाने के बाद काफी पानी पिया जाता है, जो हमारे शरीर को हाइड्रेटेड रखता है।



## सेहतमंद रहना है तो सोना होगा बिना कपड़ों के? डॉक्टर ने माना सिर्फ मिथ

सोते हुए आरामदायक कपड़े पहने जाने चाहिए। कपड़े टाइट न हों और फैब्रिक भी स्किन फ्रेंडली हों तो और भी अच्छा रहेगा। यह बातें तो हम सब जानते हैं। साउंड स्लीप के लिए कई लोग इन टिप्स को इस्तेमाल भी करते होंगे। लेकिन ज्यादा हेल्दी रहना हो तो आपको बिना कपड़ों के ही सोना होगा। ऐसा यूट्यूब के एक वीडियो में कहा जा रहा है। ऐसा करने से ब्लड सर्कुलेशन ठीक होने, बेहतर नींद आने, तनाव कम होने और हीट से बचाव का दावा इस वीडियो में किया गया है। मगर डॉक्टर इस बात से सहमत नहीं हैं। वह इस दावे के बारे में क्या सोचते हैं, ये जानने से पहले देखिए वीडियो। वीडियो में बिना कपड़ों के सोना हेल्दी रहने का तरीका माना गया है। इसमें सुझाव दिया जा रहा है कि ऐसा करके कई फायदे मिलेंगे जैसे बेहतर नींद। आजकल की तनाव भरी दुनिया में इसकी जरूरत तो सबको है। नेकेड स्लीप से बेहतर ब्लड सर्कुलेशन होने का दावा भी यह वीडियो करता है। क्लिप में इस तरह सोने से मानसिक शांति मिलने और तनाव कम होने की बात भी कही गई है। फैक्ट चेक टीम की जांच में वीडियो के दावे को मिसलीडिंग पाया गया है, इसलिए डॉक्टर ने वीडियो को मिथ करार दिया है। इस तरह के दावों को आजमाने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी जाती है।

## फिटकरी खाने से ठीक होते हैं मुंह के छाले, डॉक्टर ने खोली दावे की पोल

मुंह में अक्सर छाले हो जाते हैं तो डॉक्टर से परामर्श लेकर दवा लाने से पहले ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खे ही आजमाते हैं। ऐसा ही एक नुस्खा यूट्यूब के वीडियो में भी दिया गया है। इसमें फिटकरी खाकर मुंह के छाले ठीक करने की बात कही गई है। मगर फिटकरी का यह उपाय करने से पहले डॉक्टर से सलाह ले लेना सही रहेगा। इसे लेकर शारदा हॉस्पिटल की डॉक्टर वर्षा शर्मा से फैक्ट चेक टीम ने बात की। उन्होंने विस्तार से समझाया कि क्यों लोगों को इस नुस्खे पर यकीन नहीं करना चाहिए। एक्सपर्ट ने इस दावे को सिरे से नकारा है। वह मानती हैं इस तरह के दावों के पीछे कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं है। बल्कि इस उपाय से शरीर को कई तरह के नुकसान जरूर हो सकते हैं। इसलिए इसको आजमाना पूरी तरह से गलत ही है। फिटकरी का सेवन करके पेट में बड़ी दिक्कतें होने की संभावना रहती है। फैक्ट चेक टीम की जांच में दावे को पूरी तरह से गलत पाया है। फिटकरी को घरेलू उपाय में इस्तेमाल करने की जगह प्रोफेशनल हेल्प लेने की सलाह दी जाती है।

## शराब से खराब हो चुके लिवर को ठीक करने का नायाब तरीका



शराब पीने वालों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पुरुषों के अलावा महिलाओं में भी यह हानिकारक ड्रिंक पसंदीदा बनती जा रही है। त्योहारों और छुट्टियों के मौके पर हर साल शराब की बिक्री रिकॉर्ड तोड़ देती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने चेताया है कि एल्कोहॉल की एक बूंद भी कई प्रकार के कैंसर कर सकती है। एल्कोहॉलिक फैटी लिवर, लिवर डैमेज और लिवर सिरोसिस शराब से होने वाली सबसे आम बीमारियां हैं। इन्हें मद विकार भी कहा जाता है और यह इतनी खतरनाक होती हैं कि लिवर ट्रांसप्लांट करवाने की नौबत तक आ जाती है। शराब की पहली बूंद ही लिवर को नुकसान पहुंचाने लगती है। जितनी लंबे समय तक एल्कोहॉल का सेवन किया जाता है, यह उतना ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन आयुर्वेद की मदद से इस नुकसान को वापिस ठीक किया जा सकता है। जिसके बारे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. तन्मय गोस्वामी ने बताया। ऊपर बताई गई सारी सामग्री को अच्छी तरह पीस लें। जब यह पेस्ट जैसा बन जाए तो आधा लीटर पानी में डालकर घोल लें। यह जूस जैसा बन जाएगा और पूरे दिन 50–50 उस पिलाएं। 3 दिन के अंदर लिवर डैमेज कम होने लगेगी। शराब को मेटाबॉलाइज करने का काम लिवर करता है। इसके बाद एसीटैल्डिहाइड नाम का बाय प्रोडक्ट बनता है, जो लिवर को खराब करने का काम करता है। यह आयुर्वेदिक उपाय उसी बाय प्रोडक्ट को कम करता है।

# ये संकेत बताएंगे आपका लिवर हो चुका है फैटी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*खराब लाइफस्टाइल और बिगड़ी डाइट के चलते हम उम्र से पहले ही कई क्रॉनिक बीमारियों के चपेट में आने लगे हैं। डाइट से पोषक तत्वों को हटाने और अनहेल्दी फूड्स की मात्रा को बढ़ाने का नतीजा यह है कि दिन पर दिन सेहत बिगड़ती जा रही है। लिवर में चर्बी जमा होने की समस्या आजकल बेहद आम बन चुकी है। यह क्रॉनिक डिजीज दुनियाभर में बढ़ने लगी है। जब आपके लिवर में एक्स्ट्रा फैट जमा होने लगता है तो वह फैटी लीवर डिजीज कहलाता है। डॉक्टर की भाषा में इसे हिपेटिक स्टीटोसिस कहा जाता है। फैटी लीवर डिजीज के कई कारण हो सकते हैं। अधिक शराब का सेवन, अधिक तला–भुना खाना, खराब लाइफस्टाइल, डायबिटीज और कुछ दवाइयां को खाने से भी फैटी लीवर की समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसके कोई खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। लेकिन फैटी लिवर होने पर शरीर में कुछ लक्षण दिख सकते हैं।*

**थकान और कमजोरी**
फैटी लीवर से जूझ रहे लोगों को कमजोरी और थकान जल्दी महसूस होती है। पर्याप्त नींद लेने के बावजूद इस डिजीज के चलते उनको फिर भी थकावट महसूस हो सकती है। लिवर जब ठीक से काम नहीं करता है, तो बॉडी के टॉक्सिंस बाहर नहीं निकल पाते है, जिसकी वजह से व्यक्ति को हमेशा थकान और कमजोरी का आभास होता है। ऐसे लोगों का किसी भी काम को करने में मन नहीं लगता और एनर्जी लेवन हर वक्त डाउन रहती है।

**पाचन तंत्र होता है प्रभावित**
लिवर में फैट जमा हो रहा है तो पेट में दर्द की समस्या हो सकती है इस स्थिति में पेट के ऊपरी हिस्से यानी एब्डोमिनल में भारीपन महसूस होता है और यह दर्द लगातार बना रहता है। कुछ लोगों में सूजन की परेशानी भी हो सकती है। जब लिवर में फैट जमा होता है तो सूजन दर्द के साथ–साथ बेचैनी का भी सामना करना पड़ता है। इसके साथ भी पाचन भी इस कंडीशन में प्रभावित होता है, जिसके चलते उल्टी और मतली की समस्या हो सकती है। इसमें भूख कम लगने की शिकायत भी कई लोगों में देखी जाती है।



**मांसपेशियों में दर्द और वजन में कमी**
लिवर में जब फैट जमा होने लगता है तो इसके कारण मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द महसूस हो सकती है। वहीं इस समस्या से ग्रसित लोगों में हाथों और पैरों में सूजन की परेशानी भी हो सकती है। इसके अलावा अगर बिना किसी वजह आपका वजन कम होने लगा है तो यह संकेत भी फैटी लीवर की ओर इशारा करता है।

**फैटी लीवर से बचाव के तरीके**
फैटी लीवर की समस्या से बचने के लिए वजन मेंटेन रखना बेहद जरूरी है। वजन को मैनेज करके आप इस जोखिम को कम कर सकते हैं। वहीं हेल्दी फूड्स को अपने खान–पान में शामिल करना, प्रोसैस्ड और जंक फूड को अपने आहार से दूर ही रखें। रोजाना कम से कम आधे घंटे एक्सरसाइज करने का प्रयास आपके लिवर को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है। लिवर को एक्ट्रा फैट से बचाना है तो शराब का सेवन करना छोड़ दें। यह आपके लिवर का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसके साथ–साथ अगर आपको हाई कोलेस्ट्रॉल या डायबिटीज की समस्या रहती है तो इसे कंट्रोल में रखने के लिए अच्छी आदतें अपनाएं। यह सभी चीजें आपके लिवर के खतरे को कम करने के लिए मददगार हो सकते हैं।

**लिवर के लिए डिटॉक्स ड्रिंक**
लिवर को हेल्दी रखने के लिए इसे डिटॉक्स करना आवश्यक है। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए अपनी डाइट में विटामिन सी से भरपूर सब्जियों और फलों को जोड़ें। यह लिवर में जमे एक्स्ट्रा फैट को कम कर सकते हैं। चुकंदर का जूस का सेवन लिवर को डिटॉक्स करने के लिए लाभकारी होता है। इसे बनाना भी बेहद आसान है। इसके लिए चुकंदर के जूस को निकालकर इसमें नींबू मिक्स करें और मॉर्निंग ब्रेकफास्ट से पहले या भोजन के 1 से 2 घंटे बाद इसे पी सकते हैं। धनिया के बीज या पत्तों का पानी भी लिवर को डिटॉक्स करने के लिए जाना जाता है।




**ऑस्ट्रेलिया की शानदार शुरुआत**

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसे उसके टॉप-ऑर्डर के बैटर्स ने सफल ठहराया। कंगारू टीम ने पहले दिन स्टंप्स तक 86 ओवर में 6 विकेट खोकर 311 रन बनाए। डेब्यूटेंट ओपनर सैम कोनस्टास (60), उस्मान ख्वाजा (57), मार्नस लाबुशेन (72) और स्टीव स्मिथ (68') ने अर्धशतक जमाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

## जसप्रीत बुमराह बने एमसीजी के नए विकेट किंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारतीय टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का शानदार फॉर्म जारी है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग-डे टेस्ट के पहले दिन बुमराह ने कुल तीन विकेट लिए और एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। जसप्रीत बुमराह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने ट्रेविस हेड को शून्य पर पवेलियन भेजकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय गेंदबाज ने मेलबर्न में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा। बुमराह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे हैं। उनके यहां विकेटों की संख्या 18 हो गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम दर्ज था, जिन्होंने तीन मैचों में 15 विकेट झटके थे। रविचंद्रन अश्विन और कपिल देव तीसरे नंबर पर संयुक्त रूप से काबिज हैं, जिन्होंने तीन मैचों में 14 विकेट चटकाए। बुमराह ने मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग-डे टेस्ट के पहले दिन 21 ओवर डाले। बुमराह ने 7 मेडन ओवर डाले जबकि 75 रन देकर तीन बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। बुमराह ने सबसे पहले उस्मान ख्वाजा को अपना शिकार बनाया। इसके बाद बुमराह ने ट्रेविस हेड को खाता भी नहीं खोलने दिया और क्लीन बोल्ड किया।

# कोहली को 19 साल के सैम कोंस्टास से भिड़ने की मिली सजा

## आईसीसी ने लगाया मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना

**क्रिकेट**

कौंस्टास ने अपने पहले डेब्यू टेस्ट में 60 रन की पारी खेली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली पर आईसीसी ने जुर्माना ठोका है। आईसीसी के मैच रेफरी ने कोहली की 20 पर्सेंट मैच फीस काटी है। साथ ही उन्हें एक डी-मेरिट प्वाइंट भी दिया है। आईसीसी ने ये सजा कोहली को उनके खराब व्यवहार की वजह से दी है। 37 साल के कोहली ने 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई युवा ओपनर सैम कोंस्टास को बीच मैदान धक्का मारा था, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। यह मामला मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन का है, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

दरअसल, रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली की 20 फीसदी मैच फीस काटी गई है। कोहली लेवल 1 के दोषी पाए गए हैं। राहत की बात ये है कि कोहली को एक ही डिमैरिट प्वाइंट दिया गया, जिसके अनुसार सिडनी टेस्ट मैच के लिए उन पर बैन नहीं लगा। मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद विराट कोहली की मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट के सामने पेशी हुई, जहां कोहली ने अपनी गलती स्वीकारी। मैच रेफरी ने कहोली की 20 फीसदी मैच फीस काटने की फैसला सुनाया।




मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन 10वां ओवर खत्म होने के बाद बीच मैदान कोहली ने 19 साल के सैम कोंस्टास को धक्का मारा था। कोहली दूसरे एंड पर स्लिप की ओर जा रहे थे और सैम अपना एंड बदल रहे थे। इस दौरान कोहली ने कंधे से कोंस्टास को धक्का मारा और दोनों के बीच कहासुनी हुई। हालांकि, अंपायर्स और साथी खिलाड़ी ने बीच बचाव किया और मामले को शांत कराया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सैम कोंस्टास चौथे सबसे कम उम्र के टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेलबर्न टेस्ट से पहले पूर्व कंगारू टीम के कप्तान मार्क टेलर ने उन्हें कैप सौंपी। कौंस्टास 19 साल 85 दिन की उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने अपने पहले टेस्ट में 60 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया।

# अंपायर के सामने रोहित शर्मा ने लगा दी मार्नस लाबुशेन की क्लास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच का रोमांच शुरू हो चुका है। दोनों टीमें इस मैच के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर उतरी है। मैच में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए मददगार इस पिच पर पैट कमिंस का फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने टीम को दमदार शुरुआत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए शुरू के चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया।

इस दौरान मार्नस लाबुशेन बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने अपनी फिरकी में उन्हें फंसा कर आउट कर दिया। लाबुशेन अपनी टीम के लिए 72 रनों की पारी खेली। बल्लेबाजी के दौरान लाबुशेन काफी अच्छे लय में दिख रहे थे, लेकिन इसी दौरान उन्होंने कुछ ऐसी हरकत कर जिसकी वजह से टीम इंडिया के कप्तान ने उन्हें सरेआम चेतावनी दे डाली।

**पिच पर नॉन स्ट्राइक एंड पर कर रहे थे चहलकदमी**

दरअसल मार्नस लाबुशेन अपनी बल्लेबाजी के दौरान नॉन स्ट्राइक एंड पर चहलकदमी कर रहे थे। मैच के दौरान पिच के बीच में टहलना पूरी तरह से गलत माना जाता है। क्योंकि जूते के स्पाइक से वहां छोटे-छोटे गड्ढे बन सकते हैं जिससे खेल की बाद में उनके गेंदबाजों को मदद मिलती। वैसे तो इस बात का ध्यान अंपायर रखते हैं कि कोई भी बल्लेबाज ऐसी हरकत ना करें, लेकिन लाबुशेन के मामले में अंपायर का ध्यान नहीं गया।

ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने जैसे ही लाबुशेन की इस हरकत को नोटिस किया उन्होंने फौरन उन्हें रोक कर चेतावनी दे डाली और पिच के पिच में चलने से उन्हें रोका। इस दौरान कमेंट्री बॉक्स में बैठे कमेंटेटर ने भी इस पूरे माजरे को देखकर लाबुशेन पर आपत्ति जताई। वहीं बात करें ऑस्ट्रेलियाई पारी की तो दिन के खेल समाप्ति तक ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ और कप्तान पैट कमिंस दूसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे।

## मोहम्मद सिराज का टोटका बुमराह के आया काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला हो और कुछ अनहोनी हरकत नहीं देखने को मिला, ऐसा होना बेहद मुश्किल है। मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसे ओपनर्स ने अच्छी शुरुआत भी दिलाई। भारतीय गेंदबाज दूसरे विकेट की तलाश में जमकर पसीना बहा रहे थे। तभी मोहम्मद सिराज एक अनोखा टोटका करते हुए नजर आए। यह घटना पारी के 43वें ओवर की है। मोहम्मद सिराज ने दूसरी गेंद करने के बाद स्ट्राइकर्स एंड पर जाकर बेल्स की अदला-बदली कर दी। तब स्ट्राइक पर मार्नस लाबुशेन थे, जो यह टोटका देखकर हैरान हुए। इसके बाद पारी के 45वें ओवर की पहली गेंद पर उस्मान ख्वाजा भारतीय पेसर बुमराह का शिकार बन गए।

## न्यूज डायरी




### पोंटिंग-वॉन कर रहे थे बवाल, सैम कोंस्टास ने एक लाइन में खत्म कर दिया झगड़ा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को मैदान पर झड़प हो गई। मैदान पर हुए टकराव को लेकर कमेंट्री कर रहे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और इंग्लैंड के माइकल वॉन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उनका मानना था कि कोहली इस मामले में पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीसी के रेफरी को मामले को देखना चाहिए और विराट कोहली के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।
इस बारे में हालांकि 19 वर्ष के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने इसे तूल नहीं देते हुए कहा कि मैदान यह सब होता रहता है। ऑस्ट्रेलियाई पारी के दसवें ओवर के बाद जब खिलाड़ी एक दूसरे के सामने से गुजर रहे थे तब कोहली और कोंस्टास के कंधे टकरा गए। दोनों खिलाड़ियों ने पलटकर एक दूसरे को घूरकर देखा और कुछ बोले भी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने आकर दोनों को अलग किया। मैदानी अंपायरों ने भी दोनों से बात की। इसके बाद मैच शुरू हो गया। कोंस्टास ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम दोनों पर जज्बात हावी हो गए थे। मुझे समझ में ही नहीं आया। मैं अपने दस्ताने पहन रहा था कि अचानक उनका कंधा मुझसे टकराया। क्रिकेट में यह सब होता रहता है।' कोंस्टास उस समय 27 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इस घटना के लिए कोहली को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'देखो कि विराट कहां से चलकर आया है। वह पूरी पिच पार करके आया और झड़प की शुरुआत की।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान शेन वॉर्न को दी गई श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के चौथे टेस्ट के पहले दिन के खेल के दौरान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट प्रेमियों ने शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी। दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने अपनी फ्लॉपी हैट उतारकर वॉर्न को याद किया। मार्च 2022 में क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल लेग स्पिनर शेन वॉर्न का निधन हो गया था। फ्लॉपी हैट उतारने की यह परंपरा 2022 के बॉक्सिंग डे टेस्ट से शुरू हुई थी। 3:50 बजे खेल एक मिनट के लिए रोका गया और दर्शकों ने वॉर्न को अपनी फ्लॉपी हैट उतारकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़ी स्क्रीन पर वॉर्न की एक वीडियो क्लिप भी चलाई गई, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। 3:50 पर यह इसलिए किया गया क्योंकि वॉर्न का कैप नंबर 350 था। फ्लॉपी हैट वॉर्न की पहचान थी। वे अक्सर मैदान पर और मैदान के बाहर फ्लॉपी हैट पहने दिखते थे। शेन वॉर्न के बेटे और बेटी ने ही बाउंड्री लाइन के पास खड़े होकर फ्लॉप हैट उतारी। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड वॉर्न का होम ग्राउंड होने के साथ ही सबसे पसंदीदा मैदान भी था। इस मैदान पर 11 टेस्ट में उनके नाम 56 विकेट हैं। 1994 में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान वॉर्न ने इस मैदान पर हैट्रिक विकेट लिया था।

### रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल को लगाई डांट, फौरन सुधारी गलती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने दमदार शुरुआत कर ली है। दिन के खेल की समाप्ति तक ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 311 रन बना लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए शुरू के चार बल्लेबाजों ने धुआंधार खेल दिखाते हुए दमदार अर्धशतकीय पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की इस तूफानी बैटिंग को देखकर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा भी काफी हैरान परेशान नजर आए। यही कारण है कि यशस्वी जायसवाल की फील्डिंग पर कप्तान रोहित शर्मा गुस्सा करते हुए देखे गए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल हुआ ये था कि जब रविंद्र जडेजा मार्नस लाबुशेन के खिलाफ गेंदबाजी कर रहे थे तो रोहित शर्मा स्लिप में खड़े थे। वहीं यशस्वी फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर फील्डिंग कर रहे थे, तभी कप्तान को उनकी एक गलती नजर आ गई। बता दें कि रविंद्र जडेजा के खिलाफ जब मार्नस लाबुशेन ने गेंद को डिफेंड किया तो यशस्वी की फील्डिंग पोजीशन को लेकर कप्तान रोहित शर्मा को ठीक नहीं लगा। ऐसे में उन्होंने यशस्वी से कहा, श्अरे जस्सू, गली क्रिकेट खेल रहा है क्या। नीचे बैठ कर रह, जब तक बॉल गिरेगा नहीं नीच बैठ कर रहना है, समझा क्या।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पर्वतीय रूटों के लिए 500 नई बसें खरीदे सरकार

**संवाददाता** देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार को 500 नई अत्याधुनिक बसें खरीदने का सुझाव दिया है। कहा कि नई बसों के संचालन से सड़क हादसों पर भी रोक लग सकेगी। परिषद के उप मंत्री विपिन बिजल्वाण ने इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस बसें न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि स्थानीय और बाहरी यात्रियों के लिए पर्वतीय यात्रा को अधिक आरामदायक और भरोसेमंद बनाएंगी। कहा कि सरकार को इस दिशा में जल्द ही कदम उठाना चाहिए।

### चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। वीर सावरकर संगठन ने गुरुवार को राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क में गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान की स्मृति को बाल दिवस के रूप में मनाया। संस्थापक अध्यक्ष कुलदीप स्वेडिया, संगठन महामंत्री अतुल धीमान के नेतृत्व में द्रोण खन्ना, डॉ.मुकुल शर्मा, जगजीवन जोत सिंह, श्रीकांत श्री, मयंक सिंह गौर ने सिखों के दसवें गुरु महाराज के चार साहिबजादों के शौर्य को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि संगम के क्षेत्रीय महामंत्री श्रीकांत श्री ने वीर रस की कविता का पाठ किया।

### निकाय चुनाव को आप ने बनाए पर्यवेक्षक, संयोजक

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड में निकाय चुनाव को लेकर जिलों में पर्यवेक्षक और संयोजकों की सूची जारी कर दी है। सभी जिलों में पर्यवेक्षकों के साथ संयोजक के नेतृत्व में एक समिति का गठन कर दिया गया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एसएस कलेर ने बताया कि सभी जिलों में चुनाव संचालन समिति की विधिवत घोषणा कर दी गई है। प्रदेश मे चुनाव संचालन समिति के नेतृत्व में सभी निकायों में मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। जनता में आप को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। पार्टी ने परवादून में डीके पाल पर्यवेक्षक, अशोक सेमवाल संयोजक बनाए गए।

### श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव एवं प्रहलाद का चरित्र वर्णन

**संवाददाता** देहरादून। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में महादेव विहार निरंजनपुर मंडी चौक देहरादून में पंवार परिवार के द्वारा पितृ मोक्ष के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें चतुर्थ दिवस देवभूमि हरिद्वार से आए हुए कथा व्यास भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री जी ने ध्रुव एवं प्रहलाद जी का चरित्र वर्णन कराते हुए बताया भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है।

# हर पीड़ित परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ी है सरकार

**निर्देश**

- हल्द्वानी पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हाल
- कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को एक दिवसीय कार्यक्रम हेतु हल्द्वानी पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में जाकर बुधवार को भीमताल में हुए बस दुर्घटना में घायलों से मुलाकात की। इस दौरान अस्पताल प्रशासन को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए। साथ ही कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सड़क हादसों को रोकने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

बृहस्पतिवार को अपने प्रस्तावित कार्यक्रम में हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सबसे पहले सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने बुधवार को भीमताल में बस दुर्घटना में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि घायलों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की साथ ही उन्होंने गंभीर रूप से घायल लोगों को आवश्यकता अनुसार हायर सेंटर रेफर करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऐसे सड़क हादसों को रोकने के लिए अन्य राज्यों से आ रही गाड़ियों के लाइसेंस की जांच और अन्य दस्तावेज की जांच संघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही यातायात को नियंत्रण करने के लिए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को जिम्मेदारी दी गई है।

गौरतलब है कि बस हादसे में 5 लोगों की मौत और गंभीर रूप से दो घायलों को एम्स ऋषिकेश हेली एम्बुलेंस के जरिए शिफ्ट किया गया। जबकि अन्य घायलों का इलाज एसटीएच में किया जा रहा है। बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसमें उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा 5 लाख जबकि सड़क सुरक्षा निधि से 2 लाख और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 3 लाख रुपए दिए जाएंगे।

साथ ही गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 3 लाख एवं सामान्य रूप से घायल व्यक्तियों को 15–25 हजार दिए जाएंगे।

### पूर्व विधायक राजकुमार की मौजूदगी में कई लोग कांग्रेस में शामिल

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस में भले ही टिकट पर घमासान मची हो, लेकिन नेता पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार सक्रियता दिखा रहे हैं। पूर्व विधायक राजकुमार की मौजूदगी में गुरुवार को कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने पार्टी के लिए मजबूती से काम करने का संकल्प लिया। एमकेपी रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा से त्रस्त हैं, वह कांग्रेस को समर्थन देने आगे आ रहे हैं। इन निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन कांग्रेस को मिल रहा है। इसका फायदा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। राजकुमार ने कहा कि कांग्रेस हर जाति, धर्म और व्यक्ति को साथ लेकर चलती है। इस मौके पर हिमांशु कटारिया, संदीप राठौर, पंकज सिंह, आदित्य, पूजा कटारिया, शांति देवी, विशाल सिंह, सुरजीत सिंह, सूरज सिंह, अर्जुन, अनूप रावत, सुनील कुमार, हिमांशु कुमार, कैलाश समेत अन्य ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

# उत्तराखंड के एडवेंचर स्पोर्ट्स को मिल रही पहचानः सीएम

**झांकी**

- गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर दिखेगी उत्तराखंड के साहसिक खेलों की झलक

*"हमारा राज्य न केवल अपने आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिक खेलों के क्षेत्र में भी अग्रणी है। मैं झांकी के निर्माण में जुड़े सभी कलाकारों और अधिकारियों को बधाई देता हूं। हम इस झांकी के माध्यम से उत्तराखंड को पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में और मजबूती से कदम बढ़ाएंगे।"*

–पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।

**संवाददाता**

देहरादून। गणतंत्र दिवस परेड–2025 के लिये नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित की जाने वाली झांकी में उत्तराखण्ड राज्य "साहसिक खेल" (एडवेन्चर स्पोर्ट्स) का भारत सरकार द्वारा अन्तिम चयन कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए महानिदेशक सूचना, बंशीधर तिवारी ने बताया कि माह अक्टूबर, 2024 में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन गठित विशेषज्ञ समिति को कुल 34 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने–अपने प्रस्ताव भेजे थे, विभिन्न बैठकों में नोडल अधिकारी तथा संयुक्त निदेशक, सूचना, श्री के.एस.चौहान ने विशेषज्ञ समिति के सम्मुख उत्तराखण्ड राज्य की झांकी के डिजायन, मॉडल तथा संगीत का प्रस्तुतीकरण किया था।

भारत सरकार द्वारा अपने पत्र के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य की झांकी के डिजायन, मॉडल तथा संगीत को उत्कृष्ट पाये जाने के उपरान्त अन्तिम चयन कर लिया गया है।

इस बार उत्तराखण्ड राज्य सहित कुल 15 प्रदेशों की झांकी का गणतंत्र दिवस परेड के लिये अन्तिम चयन हुआ है, जिसमें आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखण्ड, कर्नाटका, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित चण्डीगढ़ सहित दादर नागर हवेली एवं दमन व दीव केन्द्र शासित प्रदेश का चयन किया गया है।

उत्तराखण्ड राज्य की झांकी में इस बार झांकी के अग्र भाग में प्रसिद्ध ऐपण आर्ट को बनाते हुए उत्तराखंडी परिधान में महिला को दिखाया गया है तथा झांकी के मध्य व पिछले भाग में साहसिक खेलों जैसे रॉक क्लाइम्बिंग, पैराग्लाइडिंग, बन्जी जम्पिंग, हिल साइकलिंग, ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग, औली में स्कीइंग और ऋषिकेश में जिप–लाइनिंग और रॉक क्लाइम्बिंग को दिखाया गया है। इस बार गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखण्ड राज्य की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

### साइबर अपराधियों से सजग रहें पेंशनर्सः डीजीपी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति और पीपीएस रिटायर्ड ऑफीसर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की वार्षिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड दीपम सेठ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीजीपी सेठ ने संगठन को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सजग रहने की अपील की। इस दौरान उन्होंने इंद्रजीत सिंह रावत की पत्रिका का विमोचन किया। इससे पहले उत्तर प्रदेश से आए पांच सदस्यों का स्वागत किया गया और उन्हें सदस्यता उपलब्ध कराई गई। सचिव जगदीश चन्द्र आर्य ने सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण पर बात रखी। उन्होंने बताया कि इस बर्ष 75 नए सदस्य बनाए गए। कुल संख्या 1100 तक पहुंच गई है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।